# इकाईवार प्रश्नों की संख्या विवरण

## प्रश्न बैंक पृष्ठ संख्या-3।

| क्र. | इकाई का नाम | 01 अंक | 2 अंक | 03 अंक | 04 अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भाग-1 व्यष्टि अर्थशास्त्र, एक परिचय सामान्य अर्थव्यवस्था | लघु प्रश्न अनुसार | 07 | - | - |
| 2. | उपभोक्ता के व्यवहार का सिद्धान्त | —"— | - | 06 | 04 |
| 3. | उत्पादन तथा लागत | —"— | 10 | - | 10 |
| 4. | पूर्ण प्रतिस्पर्धा की स्थिति में फर्म का सिद्धान्त | —"— | - | 03 | - |
| 5. | बाजार सन्तुलन | —"— | 05 | - | - |
| 6. | भाग-2 समष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय | —"— | - | - | - |
| 7. | राष्ट्रीय आय का लेखांकन | —"— | 07 | - | - |
| 8. | मुद्रा और बैंकिंग | —"— | 10 | 08 | - |
| 9. | आय और रोजगार के निर्धारण | —"— | 07 | - | - |
| 10. | सरकारी बजट एवं अर्थव्यवस्था | —"— | - | - | 08 |
| 11 | खुली अर्थव्यवस्था - समष्टि अर्थ. | —"— | - | - | 06 |
| | **कुल प्रश्नों की संख्या** | | 46 | 17 | 28 |

संलग्न : माडल प्रश्न पत्र — पृष्ठ सं. 05

# इकाई 01 व्यष्टि अर्थशास्त्र - एक परिचय
## सामान्य अर्थव्यवस्था।

आवंटित अंक - 04

01 अंक के 02 प्रश्न
02 अंक के 01 प्रश्न

प्रश्न - 1) सही विकल्प चुनकर लिखिए -

1) निम्नलिखित में से कौन सी अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्या नहीं है - ?
   A) क्या उत्पादन किया जाए ?
   B) कैसे उत्पादन किया जाए ?
   C) किसके लिए उत्पादन किया जाए ?
   D) किसे रोजगार दिया जाए ?

2) व्यष्टि अर्थशास्त्र के अन्तर्गत निम्न में से किसका अध्ययन किया जाता है -
   A) व्यक्तिगत इकाई
   B) समग्र का
   C) राष्ट्रीय आय
   D) कुल उत्पाद

3) उत्पादन संभावना वक्र का आकार कैसा होता है -
   A) मूल बिन्दु की तरफ अवनतोदर
   B) मूल बिन्दु की तरफ उन्नतोदर
   C) सीधी रेखा
   D) इनमें से कोई नहीं

4) एक फर्म, एक उद्योग, एक वस्तु के मूल्य का अध्ययन होता है -
   A) समष्टि अर्थशास्त्र
   B) व्यष्टि अर्थशास्त्र
   C) राष्ट्रीय आय
   D) शुद्ध उत्पादन

5) कल्याणकारी अर्थशास्त्र के जनक है -
   A) एडम स्मिथ
   B) रॉबिन्स
   C) पीगू
   D) कीन्स

6)

6) निम्न में से किसका अध्ययन व्यष्टि अर्थशास्त्र के अन्तर्गत नहीं किया जाना चाहिए -
A) मोदी रबड़ लिमिटेड में तालाबन्दी
B) स्टील उद्योग में मांग का अनुमान
C) मुद्रा प्रसार की स्थिति
D) किसी उद्योग में कच्चे माल की समस्या

उत्तर - 1) D
2) A
3) B
4) B
5) C
6) C

प्रश्न-2) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -
1) व्यष्टि अर्थशास्त्र का मुख्य यंत्र ..... है।
2) सीमान्त विश्लेषण .... अर्थशास्त्र का मुख्य यंत्र है।
3) व्यष्टि और समष्टि अर्थशास्त्र एक दूसरे के --- है।
4) आर्थिक लागत .... है।
5) अर्थव्यवस्था ........ इकाइयों का समूह है।
6) मिश्रित अर्थव्यवस्था --- और ..... को मिलाकर बनती है।
7) एक उत्पादन संभावना वक्र ......की सूची को बताता है।

उत्तर - 1) कीमत विश्लेषण
2) व्यष्टि
3) पूरक
4) अवसर
5) उत्पादन
6) पूंजीवादी (बाजार) समाजवादी (केन्द्रीय नियोजित)
7) चयन / चुनाव

प्रश्न 3) सत्य / असत्य लिखिए -
1) कीमत यंत्र बाजार अर्थव्यवस्था में केन्द्रीय समस्याओं को हल करता है।
2) व्यष्टि अर्थशास्त्र में समूहों का अध्ययन किया जाता है।
3) अवसर लागत सर्वश्रेष्ठ वैकल्पिक अवसर का त्याग है।
4) बेरोजगारी का विश्लेषण व्यष्टि अर्थशास्त्र से संबंधित है।
5) किसी वस्तु का मूल्य निर्धारण व्यष्टि अर्थशास्त्र के अध्ययन का विषय है

उत्तर - 1) सत्य
2) असत्य
3) सत्य
4) असत्य
5) सत्य

प्रश्न - 4) एक शब्द में उत्तर लिखिए -

1) भारत में किस अर्थव्यवस्था को अपनाया गया है?
2) पूंजीवाद में क्या उत्पादन होगा, कौन निर्धारित करता है?
3) एक प्रणाली जिससे व्यक्ति एवं राष्ट्र जीविकोपार्जन करते है क्या कहलाती है?
4) अर्थव्यवस्था का स्वरूप कैसा होता है?
5) किस अर्थशास्त्र का संबंध क्या से होता है?
6) क्रिया विधि की अनुकूलता या प्रतिकूलता को कौनसा अर्थशास्त्र बताता है?

उत्तर - 1) मिश्रित
2) कीमत यंत्र
3) अर्थव्यवस्था
4) गतिशील (गत्यात्मक)
5) सकारात्मक अर्थशास्त्र
6) आदर्शात्मक अर्थशास्त्र

अतिलघुउत्तरीय प्रश्न — अंक 02

प्रश्न 1) 'बाजार' से क्या आशय है?
प्रश्न 2) पूंजीवादी (बाजार) अर्थव्यवस्था और समाजवादी (केन्द्रीय नियोजित) अर्थव्यवस्था में 2 अंतर लिखिए।
प्रश्न 3) सकारात्मक और आदर्शात्मक अर्थशास्त्र में 2 अंतर लिखिए।
प्रश्न 4) अर्थव्यवस्था से क्या आशय है?
प्रश्न 5) सीमान्त उत्पादन संभावना वक्र क्या है?
प्रश्न 6) अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याओं को लिखिए।
प्रश्न 7) अवसर लागत से क्या आशय है?

(इकाई - 2) उपभोक्ता के व्यवहार का सिद्धांत उ०मा०/अर्थशास्त्र/XII (4)

आवंटित अंक - 15

वस्तुनिष्ठ प्रश्न - 5 प्रश्न, 3 अंक - 02 प्रश्न, 4 अंक - 01 प्रश्न
[शब्द सीमा - 75 शब्द] [शब्द सीमा 120 शब्द]

प्र० 1 सही विकल्प चुनकर लिखिए -

(1) उपभोक्ता व्यवहार का अध्ययन किया जाता है -
(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र में (ii) समष्टि अर्थशास्त्र में
(iii) आय विश्लेषण में (iv) व्यय विश्लेषण में।

(2) कॉफी के मूल्य में वृद्धि होने से चाय की माँग ---
(i) बढ़ती है। (ii) स्थिर रहती है।
(iii) घटती है। (iv) कोई परिवर्तन नहीं

(3) वस्तु की हर अगली इकाई के प्रयोग से सीमान्त उपयोगिता -
(i) घटती है। (ii) बढ़ती है।
(iii) समान रहती है (iv) शून्य होती है।

(4) कुल उपयोगिता जब स्थिर होती है, तब सीमान्त उपयोगिता -
(i) शून्य (ii) धनात्मक
(iii) ऋणात्मक (iv) गुणात्मक

(5) उपभोग फलन फलनात्मक सम्बन्ध है -
(i) आय एवं बचत का (ii) आय एवं उपभोग का
(iii) उपभोग एवं बचत का (iv) आय एवं व्यय का

उत्तर - 1 - (i) व्यष्टि अर्थशास्त्र में
2. - (i) बढ़ती है।
3. (i) घटती है।
(4) - (i) शून्य
(5) - (ii) आय एवं उपभोग का

प्र. 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(i) पूर्ण तृप्ति बिन्दु पर सीमांत उपयोगिता ....... होती है।

(ii) बुनियादी तौर पर उपयोगिता ....... प्रकार की होती है।

(iii) अर्थशास्त्र में उपयोगिता ....... का आशय है।

(iv) अनधिमान वक्र (उदासीन वक्र) मूल बिन्दु की ओर ....... होता है।

(V) मांग फलन का ग्राफीय चित्रण ....... कहलाता है।

उत्तर (i) शून्य (ii) दो

(iii) आवश्यकता को संतुष्ट करना

(iv) उन्नतोदर

(V) मांग वक्र

प्र. 3. सत्य / असत्य लिखिए

(1) दो अनधिमान वक्र एक दूसरे को कभी नहीं काटते है।

(2) मांग वक्र सामान्यत: धनात्मक ढाल वाला होता है।

(3) उपयोगिता एक आत्मनिष्ठ धारणा है।

(4) गिफिन वस्तुओं पर भी मांग का नियम लागू होता है।

(5) कीमत और मांग में अनुपातिक संबंध होता है।

उत्तर (1) सत्य

(2) असत्य

(3) सत्य

(4) असत्य

(5) असत्य

उ०अर्थ०/अर्थशास्त्र/कक्षा (6)

प्र. 4. सही जोड़ियां बनाइये | (1x7 = 7)

| खण्ड अ | खण्ड ब |
|---|---|
| 1) प्रतिस्थापन वस्तुएँ | (1) चाय व कॉफी |
| 2) समसीमान्त उपयोगिता नियम | (2) एक दूसरे को नहीं काटते है। |
| 3) स्थानापन्न वस्तुएँ | (3) मांग के नियम से |
| 4) पूरक वस्तुएँ | (4) आड़ी मांग |
| 5) अनधिमान वक्र | (5) पेन व स्याहि |
| 6) वस्तु की मांग का संबंध | (6) गोसेन का दूसरा नियम |
| 7) बेलोचदार | (7) अनिवार्य वस्तुओं की मांग |

उत्तर (1) आड़ी मांग (2) गोसेन का दूसरा नियम
(3) चाय व कॉफी (4) ~~पूरक~~ पेन व स्याहि
(5) एक दूसरे को नहीं काटते है। (6) मांग के नियम से 7) अनिवार्य वस्तुओं की मांग

प्र. 5 एक वाक्य / शब्द में उत्तर दीजिए |

(1) एक वस्तु की सभी इकाइयों से प्राप्त होने वाली उपयोगिता के योग को क्या कहते है |

(2) मांग की लोच का दूसरा नाम क्या है।

(3) ज्वार की कीमत कम हो गई है परंतु उसकी मांग में वृद्धि नहीं होती है, मांग विश्लेषण में इस स्थिति को क्या नाम दिया गया है |

(4) अनधिमान वक्र का आधार क्या है ?

(5) उपयोगिता का गणनावाचक विचार किसने दिया ?

उत्तर (1) कुल उपयोगिता (2) कीमत लोच
(3) गिफिन विरोधाभास (4) क्रम वाचक संख्याएँ या क्रम वाचक उपयोगिता विश्लेषण।
(5) मार्शल

## 03 अंक के प्रश्न

प्रश्न (1) सीमांत उपयोगिता तथा कुल उपयोगिता में संबंध बताईये।

प्रश्न (2) स्थानापन्न तथा पूरक वस्तुओं से आप क्या समझते है।

प्रश्न (3) बजट सेट तथा बजट लाइन में अंतर बताईये।

प्रश्न (4) एकदिष्ट अनधिमान वक्र क्या है?

प्रश्न (5) मांग में शिफ्ट से क्या अभिप्राय है?

प्रश्न (6) मांग की लोच क्या है?

## 04 अंक के प्रश्न

प्रश्न (1) मांग का नियम क्या है? इसकी मान्यताएं बताईये?

प्रश्न (2) अनधिमान वक्र क्या है? इसकी विशेषताएँ बताईये?

प्रश्न (3) गिफिन विरोधाभास क्या है? समझाईये?

प्रश्न (4) मांग को प्रभावित करने वाले तत्व लिखिए?

# इकाई 03 उत्पादन तथा लागत

आवंटित अंक - 10

01 अंक के 04 प्रश्न
02 अंक के 01 प्रश्न
04 अंक के 01 प्रश्न

प्रश्न -1) सही विकल्प चुनकर लिखिए -

1) स्थिर लागत को कहते हैं -
A) परिवर्तनशील लागत B) प्रमुख लागत
C) पूरक लागत D) अल्पकालीन लागत

2) एक फर्म का उत्पादन फलन है -
A) उत्पादन B) आगतों एवं निर्गतों में संबंध
C) लागत D) साधन

3) उत्पादन के सक्रिय साधन है -
A) पूंजी B) श्रम C) भूमि D) इनमें से कोई नहीं

4) अल्पकालीन उत्पादन फलन की व्याख्या निम्नलिखित में से किसके द्वारा की जाती है -
A) मांग का नियम B) परिवर्तनशील अनुपातों का नियम
C) पैमाने का प्रतिफल नियम D) मांग की लोच

5) पूर्ति निम्न में से किससे संबंधित नहीं है -
A) स्थान B) मांग C) मूल्य D) समय

उत्तर -1) पूरक लागत C
2) B
3) B
4) B
5) A

प्रश्न -2) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -
1) पैमाने के प्रतिफल का संबंध ---- काल की अवधि से है।
2) औसत लागत वक्र का आकार ---- आकार का होता है।
3) औसत आगम को ही वस्तु की ---- कहते हैं।
4) स्थिर लागत और परिवर्तनशील लागत का योग ---- होता है।
5) औसत स्थिर लागत = $\frac{---}{\text{मांग}}$

उत्तर - 1) दीर्घकाल
2) U
3) कीमत
4) कुल लागत
5) कुल लागत

प्रश्न 3) सही जोड़ी बनाइए -

| A | B |
|---|---|
| 1) उत्पत्ति ह्रास नियम लागू होने का कारण | A) दीर्घकाल |
| 2) पैमाने के प्रतिफल | B) साधनों का अपूर्ण स्थानापन्न |
| 3) स्थिर लागत | C) उत्पादन शून्य होने पर शून्य |
| 4) परिवर्तनशील लागत | D) प्रति इकाई कीमत × बेची इकाइयाँ |
| 5) परिवर्तनीय अनुपात का नियम | E) समान सीमान्त उत्पाद का नियम |

उत्तर - 1) B
2) A
3) D
4) C
5) E

प्रश्न 4) एक शब्द में उत्तर दीजिए -
1) उत्पादन फलन से क्या आशय है?
2) CRS क्या है?
3) IRS क्या है?
4) एक आगत का कुल उत्पाद क्या होता है?
5) एक आगत का औसत उत्पाद क्या होता है?
6) आगत से क्या आशय है?
7) निर्गत से क्या आशय है?
8) उत्पादन बन्द होने पर भी कौनसी लागत शून्य नहीं होती है?
9) उत्पादन फलन कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर -1) आगत और निर्गत के मध्य संबंध
2) आगतों में समानुपातिक वृद्धि
3) निर्गतों में समानुपातिक वृद्धि
4) सीमान्त उत्पाद का योग
5) कुल उत्पाद / इकाइयाँ
6) उत्पादन के साधन
7) उत्पादन
8) स्थिर
9) 2

प्रश्न 5) सत्य/असत्य लिखिए -
1) स्थिर लागत को पूरक लागत भी कहते हैं।
2) दीर्घकाल में उत्पादन के सभी साधन परिवर्तनशील हैं।
3) उत्पादन फलन एक आर्थिक समस्या है।
4) क्या पैमाने में वृद्धि का अर्थ सभी साधनों को एक ही अनुपात में बढ़ाने से होता है?
5) श्रम की मांग श्रमिकों द्वारा की जाती है?
6) सीमान्त उत्पत्ति ह्रास नियम एक सर्वव्यापी नियम है।

उत्तर 1) सत्य 2) सत्य 3) असत्य 4) असत्य 5) असत्य 6) सत्य

अर्थशास्त्र/उत्पादन (10)

अंक - 02

## अति लघुउत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1) उत्पादन कारक का आशय लिखिए।
प्रश्न 2) फर्म के लाभ से क्या आशय है?
प्रश्न 3) स्थिर कारक से क्या आशय है?
प्रश्न 4) परिवर्ती कारक क्या है?
प्रश्न 5) लागत फलन क्या है?
प्रश्न 6) परिवर्ती अनुपातों के नियम से आप क्या समझते हैं?
प्रश्न 7) पैमाने के प्रतिफल नियम से आप क्या समझते हैं?
प्रश्न 8) उत्पादन फलन का सूत्र लिखिए।
प्रश्न 9) अल्पकाल और दीर्घकाल की संकल्पनाओं को समझाइए।
प्रश्न 10) स्थिर तथा परिवर्ती लागत में 2 अंतर लिखिए।

## दीर्घउत्तरीय प्रश्न

अंक - 04

प्रश्न 1) लागत वक्रों के U आकृति के होने के कारण लिखिए।
प्रश्न 2) पैमाने के बढ़ते प्रतिफल के क्या कारण हैं?
प्रश्न 3) उत्पादन लागत से आप क्या समझते हैं? ~~स्पष्ट~~ सीमान्त तथा ~~अस्पष्ट~~ कुल लागतों में अंतर लिखिए।
प्रश्न 4) निम्नलिखित तालिका श्रम का सीमान्त उत्पादन अनुसूची को प्रदर्शित करती है इसके आधार पर कुल उत्पादन अनुसूची बनाइए।

| श्रम | सीमान्त उत्पादन |
|---|---|
| 1 | 10 |
| 2 | 18 |
| 3 | 50 |
| 4 | 48 |
| 5 | 40 |

प्रश्न 5) उत्पादन फलन की विशेषताएं लिखिए।
प्रश्न 6) पैमाने के प्रतिफल की विभिन्न अवस्थाओं की व्याख्या कीजिए।
प्रश्न 7) असमान सीमान्त उत्पाद के नियम की व्याख्या कीजिए।
प्रश्न 8) लागत फलन की संकल्पनाओं को लिखिए। पैमाने के प्रतिफल में क्या अंतर है?
प्रश्न 9) परिवर्ती अनुपात का नियम तथा पैमाने के प्रतिफल में क्या संबंध है?
प्रश्न 10) औसत लागत तथा सीमान्त लागत में क्या संबंध है?

# इकाई - 5. - पूर्ण प्रतिस्पर्धा की स्थिति में फर्म का सिद्धान्त

वस्तुनिष्ठ प्रश्न - 02, 3 अंक - 01

प्र० 1 सही विकल्प चुनकर लिखिए -

(1) पूर्ण प्रतियोगिता की अवस्था में कोई फर्म तब संतुलन की अवस्था में होती है, जब

(i) MC = MR (ii) MC = 0

(ii) MC = TR (iv) AC = AR

(2) कीमत स्वीकारक व्यवहार पाया जाता है।

(i) पूर्ण प्रतियोगिता (ii) एकाधिकार

(iii) अल्पाधिकार (iv) इनमें से कोई नहीं।

(3) औसत आगम को कहते हैं।

(i) मांग (ii) कीमत

(iii) आय (iv) पूर्ति

(4) पूर्ण प्रतियोगिता की विशेषता है।

(i) समरूप वस्तुएं (ii) यातायात लागत नहीं होना

(iii) बाजार का पूर्ण ज्ञान (iv) उपरोक्त सभी

(5) एक फर्म का मांग वक्र पूर्ण लोचदार होता है।

(i) पूर्ण प्रतियोगिता में (ii) एकाधिकार में

(iii) एकाधिकारी प्रतियोगिता में (iv) अल्पाधिकार में

उत्तर (1) MC = MR

(2) पूर्ण प्रतियोगिता में

(3) कीमत

(4) उपरोक्त सभी

(5) पूर्ण प्रतियोगिता में

प्र. 2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

1. पूर्ति की कीमत लोच ---------- पूर्ति की मात्रा में प्रतिशत परिवर्तन
2. पूर्ति का नियम ---- ------- वस्तुओं पर लागू नहीं होता है।
3. फर्म का लाभ ---- द्वारा दर्शाया जाता है।

उत्तर – (1) कीमत में आनुपातिक परिवर्तन
(2) नाशवान
(3) π से (पाई से)

प्र. 3. सत्य / असत्य

(1) पूर्ति और कीमत में विपरीत सम्बन्ध होता है।
(2) ~~एक~~ एक फर्म को साम्य की अवस्था में अधिकतम लाभ प्राप्त होता है।
(3) पूर्ण प्रतियोगिता में फर्म अपना मूल्य स्वयं निर्धारित करती है।

~~(4)~~ उत्तर → (i) असत्य (ii) सत्य (iii) असत्य

प्र. 4 एक शब्द / वाक्य में उत्तर दीजिए -

(1) औसत आगम वक्र को क्या कहते है ?
(2) फर्म के साम्य ~~के~~ हेतु उत्पादन के साधनों की ~~a~~ पूर्ति कैसी मानी जाती है ?
(3) पूर्ति और कीमत के सम्बन्ध को क्या कहते है ?

उत्तर → (i) माँग वक्र (ii) पूर्णतया लोचदार
(iii) पूर्ति का नियम

प्र. 5 लघुत्तरीय प्रश्न ( 3 अंक )

(1) पूर्ण प्रतियोगिता की प्रमुख विशेषताऐं लिखो।
(2) पूर्ति को ~~a~~ प्रभावित करने वाले प्रमुख तत्व लिखो।
(3) आय या संप्राप्ति क्या है इसके प्रमुख प्रकार समझाईये ?

आवंटित अंक – 06

वस्तुनिष्ठ प्रश्न – 02 , 2 अंक के 2 प्रश्न

प्र०-1 सही विकल्प चुनकर लिखिए।

(1) प्रशासकीय कीमत है –
(अ) कीमत सीमा (उच्चतम निर्धारित कीमत (ब) कीमत तल या ~~(स)~~ (निम्नतम कीमत) (स) उपर्युक्त दोनों।
(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

(2) अधिमान देखने को मिलता है।
(I) बाजार निर्धारित कीमत में (II) निम्नतम निर्धारित कीमत में (III) उच्चतम निर्धारित कीमत में (IV) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

(3) गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य कहलाता है –
(I) कीमत सीमा [उच्चतम निर्धारित कीमत] (II) निम्नतम निर्धारित कीमत (कीमत तल) (III) बाजार कीमत [साम्य कीमत]
(IV) साम्य कीमत।

(4) साम्य कीमत होती है –
(I) माँग = पूर्ति (II) माँग (>) पूर्ति (III) पूर्ति (>) माँग
(IV) इनमें से कोई नहीं।

(5) बाजार कीमत सदैव होती है –
(I) न्यूनतम औसत लागत के बराबर (II) सीमांत लागत के बराबर
(III) कुल लागत के बराबर (IV) अवसर लागत के बराबर

उत्तर → (1) (स) उपर्युक्त दोनों
(2) (III) उच्चतम निर्धारित कीमत में
(3) (II) निम्नतम निर्धारित कीमत (कीमत तल)
(4) (I) माँग = पूर्ति
(5) (I) न्यूनतम औसत लागत के बराबर।

प्र॰ 2 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :
(1) - फर्मों के समूह को ----- कहते हैं :
(2) - कीमत सीलिंग ----- द्वारा किया जाता है,
(3) निम्नतम निर्धारित कीमत [कीमत ~~सीमा~~ तल] तथा उच्चतम निर्धारित कीमत [कीमत सीमा] में परिवर्तन की आवृति ----- होती है।
(4) उच्चतम निर्धारित कीमत के अन्तर्गत ----- आधिक्य का ~~अध्ययन~~ ~~किया~~ सामना करना पड़ता है।

उत्तर - (1) - उद्योग
(2) - सरकार (3) कम (4) माँग

प्र॰ 3. एक शब्द / वाक्य में उत्तर दीजिए ।
(I) - उत्पादकों के हितों की रक्षा किस कीमत से होती है ?
(II) उपभोक्ताओं को संरक्षण प्रदान करने हेतु कौन सी कीमत निर्धारित की जाती है ?
(III) प्रशासकीय कीमतों में परिवर्तन की आवृति कैसी होती है ?

उत्तर - (I) कीमत तल
(II) कीमत सीमा (III) कम

प्र॰ 4 सत्य / असत्य लिखिए ।
(1) कीमत सीमा निर्धारण का उद्देश्य लाभ प्राप्त करना है।
(2) कीमत तल को निम्नतम निर्धारित कीमत भी कहते हैं,
(3) कीमत तल का निर्धारण उत्पादक स्वयं करते हैं.

उत्तर → (1) असत्य (2) सत्य (3) असत्य

प्र॰ 5 2 अंक के प्रश्न

प्र॰ (1) बाजार संतुलन किसे कहते हैं ?
(2) अधिपूर्ति क्या है ?
(3) अधिमाँग क्या है ?
(4) निम्नतम निर्धारित कीमत [कीमत तल] के दो उदाहरण लिखिए ।
(5) उच्चतम निर्धारित कीमत [कीमत सीमा] के दो उदाहरण लिखो ।

प्र० 2 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

(1) - फर्मों के समूह को ..... कहते है :

(2) - कीमत सीलिंग ..... द्वारा किया जाता है,

(3) निम्नतम निर्धारित कीमत [कीमत ~~सीमा~~ तल] तथा उच्चतम निर्धारित कीमत [कीमत सीमा] में परिवर्तन की आवृति ..... होती है।

(4) उच्चतम निर्धारित कीमत के अन्तर्गत ..... आधिक्य का ~~अध्ययन किया~~ सामना करना पड़ता है।

उत्तर - (1) - उद्योग

(2) - सरकार (3) कम (4) माँग

प्र० 3. एक शब्द / वाक्य में उत्तर दीजिए :

(I) - उत्पादकों के हितों की रक्षा किस कीमत से होती है ?

(II) उपभोक्ताओं को संरक्षण प्रदान करने हेतु कौन सी कीमत निर्धारित की जाती है ?

(III) प्रशासकीय कीमतों में परिवर्तन की आवृति कैसी होती है ?

उत्तर - (I) कीमत तल

(II) कीमत सीमा (III) कम

प्र० 4 सत्य / असत्य लिखिए :

(1) कीमत सीमा निर्धारण का उद्देश्य लाभ प्राप्त करना है।

(2) कीमत तल को निम्नतम निर्धारित कीमत भी कहते है,

(3) कीमत तल का निर्धारण उत्पादक स्वयं करते है.

उत्तर → (1) असत्य (2) सत्य (3) असत्य

प्र० 5 2 अंक के प्रश्न

प्र० (1) बाजार संतुलन किसे कहते है ?

(2) अधिपूर्ति क्या है ?

(3) अधिमाँग क्या है ?

(4) निम्नतम निर्धारित कीमत [कीमत तल] के दो उदाहरण लिखिए।

(5) उच्चतम निर्धारित कीमत [कीमत सीमा] के दो उदाहरण लिखो।

# इकाई 06 समष्टि अर्थशास्त्र एक परिचय

आवंटित अंक - 02 — 01 अंक के 02 प्रश्न

प्रश्न-1) सही विकल्प चुनकर लिखिए -

1) आधुनिक अर्थशास्त्र का जनक कहा जाता है -
A) एडम स्मिथ B) पीगू
C) कीन्स D) रॉबिन्स

2) समष्टि अर्थशास्त्र में ध्यान नहीं दिया जाता है -
A) समग्र मांग पर B) बेरोजगारी की समस्या पर
C) जूट उद्योग पर D) मुद्रा प्रसार पर

3) समष्टि अर्थशास्त्र का मुख्य यंत्र है -
A) कीमत विश्लेषण B) राष्ट्रीय आय विश्लेषण
C) कीमत एवं राष्ट्रीय आय विश्लेषण D) उक्त सभी।

4) समष्टि अर्थशास्त्र के क्षेत्रक है -
A) दो B) तीन C) चार D) पाँच

5) "वेल्थ आफ नेशन्स" पुस्तक के लेखक है -
A) कीन्स B) मार्शल C) एडम स्मिथ D) पीगू

प्रश्न उत्तर
1 - A
2 - C
3 - B
4 - C
5 - C

प्रश्न-2) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

1) समष्टि अर्थशास्त्र में ---- का अध्ययन किया जाता है।
2) विश्व महामन्दी ---- वर्ष में हुई।
3) "जनरल थ्योरी आफ एम्प्लायमेंट इन्ट्रेस्ट एण्ड मनी" के लेखक ---- है।
4) उत्पादन के साधनों पर निजी स्वामित्व ----. अर्थव्यवस्था में होता है
5) कृषि को ---- क्षेत्र में शामिल किया जाता है।

उत्तर - 1) समग्र
2) 1929
3) कीन्स
4) पूंजीवादी
5) प्राथमिक

प्रश्न 3) सत्य/असत्य लिखिए -

1) समष्टि अर्थशास्त्र में सामूहिक मात्राओं का अध्ययन किया जाता है
2) सामान्य बेरोजगारी का अध्ययन व्यष्टि अर्थशास्त्र में किया जाता है
3) प्रो. कीन्स ने समष्टि विचारधारा का विकास किया।
4) विश्व महामन्दी में बेरोजगारी की दर 3 से 25% तक पहुंच गई।
5) व्यष्टि एवं समष्टि अर्थशास्त्र परस्पर प्रतिस्पर्धी है।

उत्तर - 1 - सत्य
2 - असत्य
3 - सत्य
4 - सत्य
5 - असत्य

प्रश्न 4) एक शब्द में उत्तर लिखिए -

1) किसी अर्थव्यवस्था में फर्म और सरकार के अतिरिक्त दूसरा जो बड़ा क्षेत्र होता है, उसे क्या कहते हैं?
2) श्रम का क्रय विक्रय जिस दर पर किया जाता है उसे क्या कहते हैं?
3) समष्टि अर्थशास्त्र की दृष्टि से अर्थव्यवस्था के क्षेत्रकों के नाम लिखि
4) आर्थिक निर्णय लेने वाली इकाइयों को क्या कहते हैं?
5) सामूहिक हितों पर कौन-सा अर्थशास्त्र बल देता है।

उत्तर - 1) पारिवारिक क्षेत्रक
2) मजदूरी दर
3) परिवार, फर्म, सरकार और बाह्य क्षेत्र
4) आर्थिक इकाई
5) समष्टि अर्थशास्त्र

## इकाई - 7 राष्ट्रीय आय का लेखांकन 

आवंटित अंक - 08

वस्तुनिष्ठ - 04 अंक, 2 अंक 2 प्रश्न

प्र. 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए -

(1) - निम्न में मध्यवर्ती वस्तु है -
(अ) टी. वी.
(ब) मशीन
(स) लकड़ी
(द) कोयला

(2) समय विशेष पर पूँजीगत वस्तुएं होती है —
(अ) स्टॉक
(ब) प्रवाह
(स) शुद्ध विनियोग
(द) प्रतिस्थापन विनियोग

(3) राष्ट्रीय लेखा प्रणाली के जन्मदाता है —
(अ) सरविलियम पेटी
(ब) ग्रेगरी किंग
(स) साइमन कुजनेट्स
(द) जे. एम कीन्स

(4) राष्ट्रीय आय है —
(अ) स्टॉक
(ब) प्रवाह
(स) पूँजी
(द) बिजली

(5) भारत में राष्ट्रीय आय की गणना का कार्य करता है —
(अ) राष्ट्रीय आय समिति
(ब) राष्ट्रीय न्यादर्श निदेशालय
(स) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन
(द) वित्त मन्त्रालय

उत्तर - 1 : (स) - लकड़ी
2 (अ) स्टॉक
3 - (ब) ग्रेगरी किंग
4 - (ब) प्रवाह
5 - (स) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन

प्र० 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

(i) विशेष समयावधि में मापी गयी मात्रा ---- है।

(ii) सकल निवेश, शुद्ध निवेश तथा ---- निवेश का योग होता है।

(iii) प्राकृतिक संसाधन ---- सम्पत्ति का अंग है।

(iv) उपभोक्ता वस्तुऐं ---- उत्पाद होती है।

उत्तर – (i) प्रवाह (ii) प्रतिस्थापन
(iii) राष्ट्रीय (iv) अन्तिम

प्र० 3. एक शब्द या वाक्य में उत्तर दीजिए।

(i) स्टॉक किससे प्रभावित होता है?

(ii) ~~देश में~~ घिसावट व्यय को क्या कहते हैं?

(iii) उपभोक्ता वस्तुऐं कितने प्रकार की होती हैं।

(iv) राष्ट्रीय न्यादर्श निदेशालय का गठन किस वर्ष हुआ था।

उत्तर → (i) प्रवाह से (ii) मूल्य ह्रास
(iii) तीन प्रकार की (iv) 1950 में

प्र० 4 सत्य / असत्य लिखिए।

(i) स्टॉक का समय काल होता है।

(ii) द्विक्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में परिवार तथा फर्में दो क्षेत्र होते हैं।

(iii) प्राथमिक क्षेत्र में विद्युत, गैस एवं जलापूर्ति को सम्मलित किया जाता है।

(iv) भारत में राष्ट्रीय आय की गणना में मध्यवर्ती वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता है।

उत्तर → (i) असत्य (ii) सत्य (iii) असत्य
(iv) सत्य।

## 02 अंक प्रश्न

प्रश्न 1 प्रयोज्य आय क्या है?

प्रश्न 2. सरल अर्थव्यवस्था में आय का वर्तुल प्रवाह क्या है?

प्रश्न 3 स्टॉक और प्रवाह में दो अंतर बताईये।

प्रश्न 4 मध्यवर्ती वस्तुएँ क्या है?

प्रश्न 5 उपभोग वस्तुओं से क्या आशय है।

प्रश्न 6 राष्ट्रीय आय किसे कहते है।

प्रश्न 7 उत्पादन के कारक कौन-कौन से है?

## 02 अंक प्रश्न

प्रश्न 1 प्रयोज्य आय क्या है?

प्रश्न 2. सरल अर्थव्यवस्था में आय का वर्तुल प्रवाह क्या है?

प्रश्न 3 स्टॉक और प्रवाह में दो अंतर बताइये।

प्रश्न 4 मध्यवर्ती वस्तुएँ क्या है?

प्रश्न 5 उपभोग वस्तुओं से क्या आशय है।

प्रश्न 6 राष्ट्रीय आय किसे कहते है।

प्रश्न 7 उत्पादन के कारक कौन-कौन से है?

# इकाई 08 मुद्रा एवं बैंकिंग

आवंटित अंक - 06

01 अंक के 01
02 अंक के 01
03 अंक के 01

प्रश्न 1) सही जोड़ी बनाइए -

| A | B |
|---|---|
| 1) देश का केन्द्रीय बैंक | A) CRR |
| 2) नकद कोष अनुपात | B) RBI |
| 3) वैधानिक तरलता अनुपात | C) वस्तु विभाजन की समस्या |
| 4) वस्तु विनिमय प्रणाली का दोष | D) सरकार का बैंकर |
| 5) रिजर्व बैंक का कार्य | E) SLR |

उत्तर - 1 - B
2 - A
3 - E
4 - C
5 - D

प्रश्न 2) सत्य / असत्य लिखिए -

1) मूल्य का हस्तांतरण मुद्रा का प्राथमिक कार्य है।
2) वस्तु विनिमय की कठिनाइयां मुद्रा से दूर नहीं हुई है।
3) व्यापारिक बैंक केवल अल्पकालीन ऋण देते है।
4) केन्द्रीय बैंक बैंक दर और व्यापारिक बैंक बाजार दर निर्धारित करते है।
5) रिजर्व बैंक को भारत में नोटो के निर्गमन का एकाधिकार प्राप्त है।
6) रिजर्व बैंक किसी भी कंपनी के अंश खरीद सकती है।
7) जिस दर पर रिजर्व बैंक अन्य बैंकों को ऋण देता है उसे ब्याज दर कहते है।
8) मुद्रा पूर्ति न्यूनतम नकद रिजर्व अनुपात पर निर्भर करती है।
9) प्रामाणिक मुद्रा देश की प्रधान मुद्रा है।

उत्तर - 1) असत्य
2) असत्य
3) असत्य
4) सत्य
5) सत्य
6) असत्य
7) असत्य
8) सत्य
9) सत्य

प्रश्न 3) एक शब्द में उत्तर लिखिए -

1) RBI की स्थापना किस वर्ष में हुई?
2) "मुद्रा वह है जो मुद्रा का कार्य करे" कथन किसका है?
3) जो मुद्रा एक निश्चित सीमा तक ही कानून द्वारा स्वीकार होती है उस मुद्रा को क्या कहते है?
4) चेक किस प्रकार की मुद्रा है?
5) 1969 में कितने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया?
6) बैंकिंग कम्पनी अधिनियम कब पारित हुआ?
7) रिजर्व बैंक का राष्ट्रीयकरण कब हुआ?
8) रिजर्व बैंक किस प्रणाली के आधार पर नोट निर्गमित करती है?

उत्तर - 1) 1935
2) हार्टले विदर्स
3) सीमित विधिग्राह्य मुद्रा
4) पत्रमुद्रा
5) 14
6) 1949
7) 1949
8) न्यूनतम कोष

02 अंक

अतिलघुउत्तरीय प्रश्न - 30 शब्द

प्रश्न 1) मुद्रा के दो प्राथमिक कार्य लिखिए।
प्रश्न 2) वस्तु विनिमय की दो कठिनाइयाँ लिखिए
प्रश्न 3) रेपो रेट से क्या आशय है?
प्रश्न 4) रिवर्स रेपो से क्या आशय है?
प्रश्न 5) बैंक दर से क्या आशय है?
प्रश्न 6) ब्याज दर से क्या आशय है?
प्रश्न 7) मुद्रा आपूर्ति क्या है?
प्रश्न 8) खुले बाजार की क्रियाओं से क्या आशय है?
प्रश्न 9) भारत सरकार द्वारा मुद्रा का विमुद्रीकरण कब किया गया?
प्रश्न 10) भारतीय रिजर्व बैंक मुद्रा की पूर्ति को किस प्रकार नियंत्रित करता है? दो बिन्दु लिखिए।

03 अंक

लघु उत्तरीय - शब्द सीमा - 75 शब्द

प्रश्न - 1) रिजर्व बैंक के कार्य लिखिए।

प्रश्न 2) रिजर्व बैंक के वर्जित कार्य लिखिए।

प्रश्न 3) व्यावसायिक बैंकों के कार्य लिखिए।

प्रश्न 4) भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति के कौन-कौन से उपकरण हैं? समझाइए।

प्रश्न 5) रिजर्व बैंक को अंतिम ऋणदाता क्यों कहा जाता है?

प्रश्न 6) मुद्रा गुणक क्या है? गुणक को मूल्य क्या निर्धारित करता है?

प्रश्न 7) बैंक दर और रेपोरेट में अंतर लिखिए।

प्रश्न 8) मुद्रा के प्रमुख 3 कार्यों की व्याख्या कीजिए।

इकाई - 9 **आय और रोजगार के निर्धारण** उ०मा०/अर्थशास्त्र/प्रा 23

आवंटित अंक - 12

वस्तुनिष्ठ प्रश्न - 6, 6 अंक , 2 अंक - 3 प्रश्न
(शब्द सीमा - 30 शब्द)

प्रश्न सं. - 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए -

(1) - आय तथा रोजगार का निर्धारण होता है —
(i) कुल माँग द्वारा (ii) कुल पूर्ति द्वारा
(iii) कुल माँग तथा कुल पूर्ति के द्वारा (iv) बाजार माँग द्वारा

(2) कीन्स का रोजगार सिद्धांत निम्न में से किस पर निर्भर है —
(i) प्रभावपूर्ण माँग द्वारा (ii) पूर्ति द्वारा
(iii) उत्पादन क्षमता (iv) उपभोग द्वारा

(3) कीन्स ने रोजगार के स्तर में वृद्धि हेतु महत्वपूर्ण माना है —
(i) समग्र माँग (ii) समग्र पूर्ति
(iii) उपर्युक्त दोनों (iv) समग्र आय

(4) सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति है —
(i) $\frac{C}{Y}$ (ii) $\frac{Y}{C}$ (iii) $\frac{S}{Y}$ (iv) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}$

(5) विनियोग गुणक का विचार दिया है —
(i) आर. एफ. कॉन ने (ii) जे. एम. कीन्स ने
(iii) हिक्स ने (iv) माल्थस ने

उत्तर - (1) - (iii) कुल माँग तथा कुल पूर्ति के द्वारा
(2) - (i) प्रभावपूर्ण माँग द्वारा
(3) - (i) समग्र माँग
(4) - (iv) $\frac{\Delta C}{\Delta Y}$
(5) (ii) जे. एम. कीन्स ने

प्र० 2 - रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

(1) - गुणक (K) = $\frac{\cdots\cdots}{\Delta I}$

(2) उपभोग की सीमान्त प्रवृत्ति अधिक होने पर गुणक का अंक ---- होगा।

(3) कीन्स ने ---- रोजगार सन्तुलन का विचार प्रस्तुत किया!

(4) जिस बिन्दु पर समग्र माँग एवं समग्र आपूर्ति बराबर होती है उसे ---- कहा जाता है।

(5) केन्स का रोजगार सिद्धांत ---- है।

उत्तर → (1) - $\Delta Y$ (2) अधिक (3) न्यून (4) प्रभावपूर्ण माँग (5) अल्पकालीन

प्र० 3. सही जोडी बनाइये -

| खण्ड 'अ' | खण्ड 'ब' |
| --- | --- |
| (1) रोजगार का एकमात्र निर्धारण | (अ) 1936 |
| (2) केन्स का सामान्य सिद्धांत | (ब) बचत में कमी |
| (3) अत्यधिक माँग से उत्पन्न होती है | (स) प्रभावपूर्ण माँग द्वारा |
| (4) ~~मितव्य~~ मितव्ययिता का विरोधाभास | (द) आय में परिवर्तन |
| (5) सीमान्त उपभोग प्रवृति | (य) मुद्रा स्फीति |
| (6) समग्र माँग मे परिवर्तन | (र) APC. |

उत्तर → (1) - (स) प्रभावपूर्ण माँग द्वारा (2) - (अ) 3 - (य) मुद्रा स्फीति (4) (ब) बचत में कमी (5) (र) APC 6 - (द) आय मे परिवर्तन

प्र० 4 सत्य / असत्य लिखिए -

(1) कीन्स का सिद्धांत दीर्घकालीन है।

(2) समग्र माँग कुल प्रत्याशित आय प्राप्ति है।

(3) रोजगार के सन्तुलन स्तर पर भी कुछ श्रमिक बेरोजगार रह सकते है।

(4) गुणक व्यापार चक्र की व्याख्या करने में असमर्थ है।

(5) गुणक उल्टी दिशा में भी कार्य कर सकता है।

उत्तर → (1) - असत्य (2) सत्य (3) सत्य (4) असत्य (5) सत्य

प्र० 5 एक शब्द / वाक्य में उत्तर लिखिए

(1) केन्स के आय व रोजगार सिद्धांत की आधारशिला क्या है?

(2) गुणक के रिसाव अधिक होने पर गुणक का प्रभाव कैसा होगा?

(3) प्रभावपूर्ण माँग (समग्र माँग) की अवधारणा किसने दी?

(4) अभावी माँग को सन्तुलित करने का सर्वोत्तम उपाय क्या है?

(5) अल्पकाल में प्रभावपूर्ण माँग बढ़ाने हेतु किसे बढ़ाना सम्भव नहीं होता है?

उत्तर – (1) प्रभावपूर्ण माँग (2) कम (3) कीन्स ने
(4) निर्यात में वृद्धि। (5) समग्र पूर्ति।

प्र० – 6 – 2 अंक के प्रश्न, [शब्द सीमा 30 शब्द]

(I) सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति किसे कहते हैं?

(II) प्रभावी माँग क्या है?

(III) मितव्ययिता के विरोधाभास से आप क्या समझते हैं?

(IV) औसत बचत प्रवृत्ति से क्या आशय है?

(V) औसत उपभोग प्रवृत्ति से क्या आशय है?

(VI) गुणक ज्ञात करने का सूत्र लिखिए

(VII) गुणक के रिसाव से क्या आशय है?

इकाई 10 सरकारी बजट एवं अर्थव्यवस्था 

आवंटित अंक 06

01 अंक के 02
04 अंक के 01

प्रश्न -1) सही विकल्प चुनकर लिखिए -

1) सरकारी बजट प्रस्तुत किया जाता है -
A) वर्ष में एक बार
B) वर्ष में दो बार
C) वर्ष में तीन बार
D) वर्ष में चार बार

प्रश्न -2) केन्द्रीय बजट प्रस्तुत किया जाता है -
A) राज्य सरकार द्वारा
B) केन्द्र सरकार द्वारा
C) केन्द्र शासित सरकार द्वारा
D) स्थानीय सरकार द्वारा

3) अच्छा बजट कहलाता है —
A) आधिक्य का बजट
B) संतुलित बजट
C) घाटे का बजट
D) आर्थिक बजट

4) वस्तु एवं सेवा कर लागू किया गया -
A) 1 जुलाई 2017
B) 1 जनवरी 2017
C) 1 जनवरी 2016
D) 1 अगस्त 2020

5) वित्त मंत्रालय द्वारा तैयार बजट को सबसे पहले रखा जाता है -
A) संसद में
B) लोकसभा में
C) राज्यसभा में
D) मंत्रि परिषद में

6) सरकार संविधान की किस धारा के अनुसार बजट प्रस्तुत करती है -
A) धारा 102
B) धारा 105
C) धारा 112
D) धारा 115

उत्तर - 1 — A
2 - B
3 - C
4 - A
5 - B
6 - C

प्रश्न 2) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

1) संसद में रेल बजट .... द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।
2) बजट के आंकड़े .... के निकट होते हैं।
3) वित्तीय वर्ष की अवधि ... से ... तक होती है।
4) केन्द्र सरकार का बजट .... माह के अंतिम दिन प्रस्तुत किया जाता है।
5) बजट सरकार की .... नीतियों का उपकरण होता है।

उत्तर - 1) वित्तमंत्री 2) वास्तविकता 3) 01 अप्रैल से 31 मार्च 4) फरवरी 5) राजकोषीय

प्रश्न 3) सत्य/असत्य लिखिए -

1) सार्वजनिक आय तथा सार्वजनिक व्यय बजट के अव्यव है।
2) सार्वजनिक वस्तुओं को गैर अपवर्जनीय कहा जाता है।
3) बजट में सरकारी ऋणों का समावेश होता है।
4) बजट पर भाषण गृहमंत्री द्वारा किया जाता है।
5) संतुलित बजट आर्थिक विकास के लिए वरदान होता है।

उत्तर - 1) सत्य 2) सत्य 3) सत्य 4) असत्य 5) असत्य

प्रश्न 4) सही जोड़ी बनाइए -

| A | B |
|---|---|
| 1) कर राजस्व | A) आर्थिक विकास |
| 2) घाटे का बजट | B) व्यय से आय का अधिक होना |
| 3) आधिक्य का बजट | C) शिक्षा एवं स्वास्थ्य |
| 4) सार्वजनिक व्यय | D) बजटीय प्राप्तियाँ |
| 5) बजट का उद्देश्य | E) पूंजी निर्माण |

उत्तर 1 - D
2 - E
3 - B
4 - C
5 - A

विश्लेषणात्मक प्रश्न - शब्द सीमा 120

प्रश्न 1) वस्तु एवं सेवा कर से आप क्या समझते हैं? इसकी उपयोगिता लिखिए।

प्रश्न 2) बजट के अवयव लिखिए।

प्रश्न 3) राजस्व व्यय एवं पूंजीगत व्यय में अंतर लिखिए।

प्रश्न 4) राजस्व घाटा और राजकोषीय घाटा में संबंध बताइए।

प्रश्न 5) बजट के प्रकारों की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 6) घाटे के बजट से क्या आशय है? इसके अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों की व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 7) सार्वजनिक वस्तु सरकार के द्वारा ही प्रदान की जानी चाहिए क्यों? व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 8) क्या सार्वजनिक ऋण बोझ बन सकता है? व्याख्या कीजिए।

इकाई - 11 खुली अर्थव्यवस्था - समष्टि अर्थशास्त्र (29)
उज्जैन/अर्थशास्त्र/प्रश्न

आवंटित अंक - 06
01 अंक के 02
04 अंक का 01

प्रश्न 1) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

1) ..... संतुलन में दृश्य एवं अदृश्य दोनों मदें सम्मिलित होती है।
2) व्यापार संतुलन में आयात निर्यात की .... मदों को शामिल किया जाता है।
3) विनिमय दर का निर्धारण विनिमय की .... एवं .... द्वारा होता है।
4) व्यापार संतुलन ..... के नाम से जाना जाता है।
5) अदायगी संतुलन .... के नाम से जाना जाता है।
6) विदेशी विनिमय दर को ..... भी कहते हैं।
7) भुगतान संतुलन सदैव ..... रहता है।
8) विनिमय दर दो देशों की मुद्राओं के .... अनुपात को व्यक्त करती है।

1) भुगतान (अदायगी) 2) दृश्य 3) माँग एवं पूर्ति 4) BOT
5) BOP 6) फोरेक्स दर 7) संतुलित 8) विनिमय

प्रश्न 2) सही जोड़ी बनाइए -

| A | B |
| --- | --- |
| 1) भुगतान संतुलन | A) विदेशी विनिमय बाजार में माँग पूर्ति की शक्तियाँ |
| 2) व्यापार संतुलन | B) पूंजी निर्माण |
| 3) लोचपूर्ण विनिमय दर | C) कीमतों में परिवर्तन |
| 4) तैरती विनिमय दर | D) दृश्य एवं अदृश्य मदें |
| 5) विनिमय दर में परिवर्तन | E) केवल दृश्य मदें |

उत्तर - 1 - D
2 - E
3 - A
4 - B
5 - C

प्रश्न 3 सत्य/असत्य लिखिए

1) व्यापार संतुलन भुगतान संतुलन का एक अंग है।
2) विनिमय दर के निर्धारण में पूर्ति का महत्वपूर्ण स्थान होता है।
3) अदायगी संतुलन में किसी देश का शेष विश्व के साथ लेनदेन का उल्लेख होता है।
4) पूंजी खाता परिसम्पत्तियों के अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन को दर्ज करता है।
5) यदि विनिमय दर में स्थिरता रहती है तो अर्थव्यवस्था में ज्यादा उच्चावचन नहीं होते।

उत्तर - 1 - सत्य
2 - असत्य
3 - सत्य
4 - सत्य
5 - सत्य

प्रश्न 4) एक शब्द में उत्तर लिखिए -

1) जिस अर्थव्यवस्था में शेष विश्व के साथ लेन-देन होता है उसे क्या कहते हैं?
2) देश की आर्थिक स्थिति का बैरोमीटर क्या होता है?
3) भुगतान संतुलन की मदें लिखिए।
4) एक देश के आयात-निर्यात के अंतर को क्या कहते हैं?
5) एक देश की मुद्रा का दूसरे देश की मुद्रा में व्यक्त मूल्य क्या कहलाता है?
6) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना कब हुई?
7) विनिमय नियंत्रण का क्या उद्देश्य होता है?
8) मुद्रा संकुचन क्या है?

उत्तर - 1) खुली अर्थव्यवस्था
2) भुगतान संतुलन
3) चालू खाता, पूंजी खाता
4) व्यापार संतुलन
5) विनिमय दर
6) 1944
7) आयात और निर्यात पर सरकारी नियंत्रण
8) मुद्रा का मूल्य बढ़ता है और कीमतें घटती हैं।

विश्लेषणात्मक प्रश्न - 4 अंक - 1 प्रश्न [शब्द सीमा - 120 शब्द

प्र० -

(I) - संतुलित व्यापार शेष और चालू खाता संतुलन में अन्तर स्पष्ट कीजिए !

(II) अवमूल्यन और मूल्यह्रास में अन्तर स्पष्ट करो

(III) विदेशी विनिमय ~~दर~~ दर का अर्थ बताइये ! इसका निर्धारण किस प्रकार होता है ?

(IV) तिरती और स्थिर विनिमय दर प्रणालियों के गुण और दोष लिखिए ।

(V) क्या केन्द्रीय बैंक प्रबंधित तिरती व्यवस्था में हस्तक्षेप करेगा ? समझाईये ।

(VI) खुली अर्थव्यवस्था में आय का निर्धारण कैसे होता है ?